

# घरों में छिपे हमारे मित्र ( 3 )

यह आपको आश्चर्यजनक लगेगा लेकिन प्रकृति का अनुभव करने के लिए आपको बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है! अपने घर के चारों ओर किसी खिड़की से, दरवाजे के पीछे या फूलदान के नीचे देखें- नीचे दिए किन्हीं तीन को खोजे और बोलें- **बिंगा-हुर्रे** ढूंढ लिया!




पोस्टर का हिंदी रूपांतरण: पर्यावरण शिक्षण केंद्र (सी.ई.ई.)

क्या आप इस बिंगो खेल के जीवों और पौधों के बारे में अधिक जानना चाहते हैं? निम्नलिखित **प्रकृति गतिविधियों** का अन्वेषण करें!




**टिप:** प्रिंटआउट की कोई आवश्यकता नहीं है! अपने लिए कागज के एक टुकड़े पर इसे रेखांकित करें और नंबर दें!

Nature Classrooms


nature conservation foundation

Created by Nature Classrooms, a not-for-profit initiative to introduce children and adults to nature. This work is licensed to Nature Classrooms under CC BY-SA 4.0 https://creativecommons.org/licenses/by-sa/4.0/

# गतिविधियां

**जव रचनात्मक होने का समय! इन विशेष गतिविधियों के माध्यम से अपने आस-पास के प्राकृति के पड़ोसियों को बेहतर ढंग से जानें। बिंगोवर्ग के जीव या पौधे से संख्याओं का मिलान करें!**


**1** जो तीव्र चिपचिपचिप की आप रोज सुनते हैं, वह इंडियन पामस्क्विरेल (पामगिलहरी) की पुकार है। क्या आप वही आवाज निकाल सकते हैं? यदि आप अपनी खिड़की, बालकनी से गिलहरी देखते हैं-धारियों की संख्या गिनें ... देश के दूसरे हिस्से में रहने वाले अपने किसी मित्र/परिवार के सदस्य से जानकारी लें-वहाँ की गिलहरी पर कितनी धारियाँ हैं? गिलहरी की कहानियों के लिए अपने माता-पिता या दादा-दादी से पूछें।



**2** क्या प्रकृति के साथ आपका कोई यादगार अनुभव रहा है? बाहरी वातावरण का अन्वेषण करने में सक्षम होने में आप सबसे अधिक किस चीज की कमी महसूस करते हैं? कागज की कुछ शीट लें और उन्हें बीच से आधा मोड़ लें। उन्हें बीच से सिलले या स्टेपल कर ले।अब आपकी अपनी एक किताब तैयार है!

**3** अपने आपको एक मेलीबग के रूप में कल्पना करें। आप किस पौधे पर हैं? इस रूप में आपके लिए एक सामान्य दिन कैसा दिखता है? क्या आप चलते हैं? आपके मित्र कौन हैं? मेलीबग्स और चींटियों द्वारा अभिनीत एक कॉमिक स्ट्रिप बनाएं!

**4** ऐसा क्या हैं जो बेल/लताओं को अन्य पौधों से अलग बनाती है? वे अपने शरीर के किस हिस्से को चढ़ने के लिए उपयोग करते हैं? आपको क्या लगता है कि पौधे कैसे जान पाते हैं कि किस पर चढ़ना है और किस दिशा में जाना है? यदि आप एक बेल या लता वाले पौधे होते, तो आप ये निर्णय कैसे लेते? छोटे बेल या लता वाले पौधों को सुरक्षित रूप से कैसे चढ़ना है, यह सिखाने के लिए चरणबद्ध मार्गदर्शिका लिखें/रेखाचित्र बनायें।



**5** दो छड़ियों (एक दूसरे से लंबवत बंधी हुई) और एक रस्सी का उपयोग करके, मकड़ी का जाला बनाएं। धागे को अंदर और बाहर बुनें और रोचक आकार बनाएं। आप अपने द्वारा बनाये जाल में कितनी आकृतियों की पहचान कर सकते हैं?


**6** फलों और सब्जियों के छिलके, बचे हुए बासी ब्रेड या चावल को एकत्र करें। उन्हें कमरे के तापमान पर अलग-अलग जार में रखें-अगर वे सूख रहे हैं तो उन पर पानी की एक-दो बूंदें छिड़कें। क्या उनकी स्थिति बदल रही है? फफूंद को उगने में कितना समय लगता है? क्या सभी फफूंद एक जैसे दिखते हैं? आप जो देखते हैं उसका चित्र बनाएं।

Created by Nature Classrooms, a not-for-profit initiative to introduce children and adults to nature.
To know more, visit: bit.ly/natureframework
This work is licensed under CC BY-SA 4.0 https://creativecommons.org/licenses/by-sa/4.0/

**7** क्या कोई ततैया आपके घर आता है? इसे कुछ दिनों तक देखें-क्या यह नियमित रूपसे आपके घर आ रहा है? क्यों? मिट्टी, कागज की लुगदी या कागज का उपयोग करके ततैया के घोंसले का एक मॉडल बनाएं।

**8** जव जानवरों का मल पौधों, जीवों और मनुष्यों के लिए उपयोगी है। अपने परिवार के वयस्कों से बात करें और उन तरीकों का पता लगाएं जिनमें विभिन्न जानवरों के मल का उपयोग किया जाता है। क्या आप 'उपयोगी मलों' की सूची बना सकते हैं? इन्हें हमारे साथ साझा करें ताकि हम भी इनके बारे में जान सकें!

**9** कल्पना कीजिए कि आप माउसकिड नामक एक सुपरहीरो हैं! आपकी महाशक्तियां क्या हैं? आप क्या खाते-पीते हैं? आपकी पोशाक कैसी है? क्या आप अपराध से लड़ते हैं? अपने परिवार के साथ व्याख्यान का एक वीडियो हमारे साथ साझा करें!



Created by Nature Classrooms, a not-for-profit initiative to introduce children and adults to nature.
To know more, visit: bit.ly/natureframework
This work is licensed under CC BY-SA 4.0 https://creativecommons.org/licenses/by-sa/4.0/